दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
Title Code UPBIL 05086
वर्ष :- 01 अंक :- 253 मुरादाबाद 07 January 2022 (Friday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## PM मोदी की सुरक्षा में चूक: राजनाथ सिंह की जनता से अपील, कांग्रेस को मत देना माफी



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को लोगों से अपील की कि पंजाब में पीएम मोदी की सुरक्षा में चूक के लिए वे कांग्रेस को कभी माफ न करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सिर्फ एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक संस्था है और लोकतंत्र में अगर ऐसी संस्था कमजोर हो जाए तो यह ठीक नहीं है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की टिप्पणी बुधवार को पंजाब की यात्रा के दौरान प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में बड़ी चूक के एक दिन बाद आई है। राजनाथ सिंह शविजय संकल्प यात्राश के समापन समारोह के दौरान एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करने के लिए उत्तराखंड के उत्तरकाशी में थे। पंजाब में प्रधानमंत्री की सुरक्षा में चूक पर बोलते हुए राजनाथ ने कहा कि उन्होंने कभी भी निराधार आरोप नहीं लगाए हैं। राजनाथ सिंह ने रैली में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी पंजाब में थे जहां कांग्रेस सत्ता में थी और उनकी सुरक्षा से खिलवाड़ किया गया। यह बेहद शर्मनाक है कि कांग्रेस के लोग उनके बारे में अपशब्द कह रहे हैं। राजनाथ सिंह ने रैली में मौजूद भीड़ से कांग्रेस को पीएम मोदी के साथ किए गए कृत्य के लिए माफ नहीं करने के लिए कहा और लोगों से राज्य में भाजपा को फिर से चुनने के लिए समर्थन मांगा। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 42,750 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखने के लिए बुधवार को पंजाब के फिरोजपुर जाने वाले थे। पंजाब में पीएम मोदी की सुरक्षा में चूक पर गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि हुसैनीवाला में राष्ट्रीय शहीद स्मारक से करीब 30 किमी दूर जब प्रधानमंत्री का काफिला एक फ्लाईओवर पर पहुंचा तो पाया कि कुछ प्रदर्शनकारियों ने सड़क को अवरुद्ध कर दिया था। गृह मंत्रालय ने कहा कि प्रधान मंत्री 15-20 मिनट के लिए फ्लाईओवर पर फंस गए थे। यह प्रधान मंत्री की सुरक्षा में एक बड़ी चूक थी। प्रधान मंत्री के कार्यक्रम और यात्रा योजना के बारे में पंजाब सरकार को काफी पहले सूचित किया गया था। बयान में कहा गया कि केवल पंजाब पुलिस को ही पीएम का सही रास्ता पता था और ष्पुलिस का ऐसा व्यवहार कभी नहीं देखा गया।ष् गृह मंत्रालय ने गंभीर सुरक्षा चूक का संज्ञान लिया है और पंजाब सरकार से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। राज्य सरकार को भी इस चूक की जिम्मेदारी तय करने और सख्त कार्रवाई करने को कहा गया है।

## यूपी में भू-माफिया से छुड़ाई जमीन पर बसा रहे हैं पाकिस्तान और बांग्लादेश से निकाले गए हिंदू: योगी




यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि राज्य में अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराई गई जमीन पर पाकिस्तान और बांग्लादेश से निकाले गए हिंदुओं को बसाया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी सरकार ने सभी सरकारी परीक्षाओं में पारदर्शिता की शुरुआत की है, जिससे भर्ती प्रक्रिया में पिछली सरकार की तुलना में एक बड़ा बदलाव आया है। आदित्यनाथ ने सरकारी सेवाओं में विभिन्न पदों के लिए चयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र वितरित करने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, शपाकिस्तान और बांग्लादेश से निकाले गए हिंदू जो दशकों से मेरठ में रह रहे थे, अपना घर नहीं बना सकते थे, या जमीन नहीं खरीद सकते थे। कानपुर देहात में हमने ऐसे 63 परिवारों को दो एकड़ जमीन और घर बनाने के लिए 200 गज जमीन दी है। इन जमीनों को भू-माफिया से मुक्त कराया गया था।श सीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत सभी परिवारों को 1.20 लाख रुपए दिए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अतिक्रमणकारियों से छुड़ाए गई जमीन का लैंड बैंक बनाया गया है और इनका इस्तेमाल स्कूल, इंडस्ट्रीज और दूसरे कारोबारों के लिए किया जाएगा। उन्होंने कहा, शइन बरामद जमीनों पर डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर की कई सुविधाएं भी बनाई गई हैं।श मुख्यमंत्री के मुताबिक राज्य सरकार के पास अभी 64,366 हेक्टेयर बरामद जमीन है और इसे गरीबों को मकान बनाने के लिए आवंटित किया जा रहा है।

## PM मोदी की पंजाब से वापसी का कारण सुरक्षा चूक थी या किसानों का आक्रोश :राकेश टिकैत



भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) के नेता राकेश टिकैत ने इस बात की पुष्टि करने के लिए जांच की मांग की है कि पंजाब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वापसी सुरक्षा में चूक के कारण हुई है या फिर किसानों के आक्रोश की वजह से। टिकैत की बीकेयू संयुक्त किसान मोर्चा का हिस्सा रही है जो केंद्र के तीन कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के प्रदर्शन की अगुवाई कर रहा था। इन कानूनों को केंद्र सरकार ने पिछले साल वापस ले लिया। टिकैत ने बुधवार को हिंदी में ट्वीट किया, भाजपा द्वारा प्रधानमंत्री जी की सुरक्षा में चूक के कारण रैली रद्द करने की बात कही जा रही है, वहीं दूसरी ओर पंजाब के मुख्यमंत्री खाली कुर्सियों की बात कहकर प्रधानमंत्री के वापस लौटने का दावा कर रहे हैं। उन्होंने कहा, अब इस बात की जांच जरूरी है कि (वापसी का कारण) सुरक्षा में चूक है या फिर किसानों का आक्रोश.! बीकेयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता फिलहाल पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अपने गृहनगर मुजफ्फरनगर में हैं। प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को एक जनसभा में शामिल होने के लिए पंजाब गए थे। वह विमान से बठिंडा पहुंचे थे और उन्हें खराब मौसम के कारण फिरोजपुर के हुसैनीवाला जाने के लिए सड़क मार्ग लेना पड़ा। हालांकि वह कुछ प्रदर्शनकारियों द्वारा सड़क को अवरुद्ध करने की वजह से फ्लाईओवर पर 15-20 मिनट तक फंसे रहे। घटना के बाद प्रधानमंत्री किसी कार्यक्रम में शामिल हुए बिना दिल्ली लौट आए। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इसे उनकी सुरक्षा में शबड़ी चूकश बताया है। हालांकि, पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने कहा कि प्रधानमंत्री की सुरक्षा में कोई चूक नहीं हुई और इसके पीछे कोई राजनीतिक मंशा नहीं थी। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि उनकी सरकार किसी भी जांच को तैयार है। आधिकारिक प्रवक्ता के अनुसार, पंजाब सरकार ने प्रधानमंत्री मोदी के दौरे को लेकर चूक की समग्र जांच के लिये दो सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति का गुरुवार को गठन किया।

## राज्य मंत्री ने प्रधानमंत्री के पंजाब दौरे के दौरान उनकी सुरक्षा में बड़ी चूक के लिए पंजाब की कांग्रेस सरकार को जिम्मेदार ठहराया है

दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



रूद्रपुर- केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पंजाब दौरे के दौरान उनके काफिले को रोकना और उनकी सुरक्षा में बड़ी चूक के लिए पंजाब की कांग्रेस सरकार को जिम्मेदार ठहराया है केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूट की जानकारी प्रदर्शनकारियों को देकर उनका रास्ता रोकने और सुरक्षा में चूक पैदा करने की आपराधिक साजिश की गई है। केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पंजाब दौरे के दौरान हजारों करोड़ रूपए की योजनाओं की सौगात देने जा रहे थे लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी जिस रूट से जा रहे थे उस रूट की जानकारी पंजाब की कांग्रेस सरकार ने प्रदर्शनकारियों को दी जोकि प्रधानमंत्री की सुरक्षा में बड़ी चूक है और यह आपराधिक साजिश भी है देश के प्रधानमंत्री की सुरक्षा के साथ गंभीर साजिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी होनी चाहिए इसके लिए जो भी जिम्मेदार है उन सब पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

## जिला बार एसोसियेशन के अधिवक्ता वाहन पार्किंग के लोकार्पण कार्यक्रम का शुभारम्भ

दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



रूद्रपुर- जिला बार एसोसियेशन उधम सिंह नगर (रूद्रपुर) के तत्वाधान में आज न्यायालय परिसर में बने नव निर्मित अधिवक्ता वाहन पार्किंग के लोकार्पण के कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक श्री राजकुमार ठुकराल जी के द्वारा की गयी, जिला बार एसोसियेशन उधम सिंह नगर (रूद्रपुर) के जिलाध्यक्ष श्री दिवाकर पाण्डेय, सचिव श्री शिव कुँवर सिंह ने बताया कि अधिवक्ता वाहन पार्किंग के लोकार्पण कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि माननीय जिला जज उधम सिंह नगर श्री प्रेम सिंह खिमाल एवं माननीय जिलाधिकारी श्री मुगल किशोर पन्त एवं विधायक श्री राजकुमार ठुकराल, जिलाध्यक्ष श्री दिवाकर पाण्डेय के द्वारा माँ शारदा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। अतिथिगण एवं अधिवक्ताओ के कार्यक्रम में पहुंचने पर उनका अध्यक्ष दिवाकार पाण्डेय, सचिव शिव कुँवर सिंह के नेतृत्व में कार्यकारिणी एवं समस्त अधिवक्ताओं के साथ उन सभी का गरमजोशी से पुष्णगच्छ एवं शाल ओढाकर सम्मानित किया गया वक्ताओ ने अपने-अपने सम्बोधन में बताया कि माननीय विधायक के द्वारा अधिवक्ताओ की समस्याओं के प्रमुखता से निराकरण कराने के लिये समय-समय पर दिये गये योगदान के लिये सराहना की गयीद्य. दिवाकर पाण्डेय ने बताया कि न्यायालय परिसर में अधिवक्ता एवं वादकारियों को प्रमुख समस्या, न्यायालय परिसर में हो रही पोस्ट आफिस के अभाव में कठिनाईयों को देखते हुये अपनी समस्याओं को माननीय जिला जज उधम सिंह नगर के समक्ष रखा, जिसके त्वरित रूप से समाधान कराये जाने हेतु उन सभी के द्वारा आश्वासन भी दिया गया है।माननीय विधायक राजकुमार ठुकराल द्वारा अधिवक्ता चौम्बर्स मे विद्युत समस्या के निदान के लिये भी तत्काल विधायक निधि से धनराशि अवमुक्त कराने की घोषणा की गयी है। जिला बार एसोसियेशन उधम सिंह नगर (रूद्रपुर) के अधिवक्ताओ ने चौम्बर्स निमार्ण के लिये माननीय मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी द्वारा स्वीकृत मु0-1,00,00,000/ (एक करोड रूपये) की धनराशि स्वीकृत कराने का भी स्वागत किया गया इस दौरान जिला बार द्वारा उपस्थित जिलाधिकारी श्री घुगल किशोर पन्त ने जिला बार के द्वारा किये जा रहे निरन्तर प्रयासों की सराहना की गयी तथा उपस्थित सभी अतिथिगण द्वारा समस्त न्यायालय परिसर में जिला बार के द्वारा की जा रही गतिविधियों एवं चौम्बर एवं वादकारियों के हितो के प्रति व्यवस्थाओं को सराहा है। माननीय जिला जज, माननीय जिलाधिकारी एवं माननीय विधायक एवं माननीय जिलाध्यक्ष ने न्यायालय परिसर में केन्टीन की व्यवस्था का भी जायजा लिया गया।जिला जज महोदय के द्वारा से चौम्बर निर्माण के लिये स्वीकृत मु०-1,00,00,000/ (एक करोड रूपये) की धनराशि के लिये बधाई दी है और बार को हमेशा यथासम्भव सहयोग देने के लिये भी कहा गया। कार्यक्रम के समापन से पूर्व अध्यक्ष श्री दिवाकर पाण्डेय, सचिव श्री शिव कुँवर सिंह एवं समस्त पदाधिकारियों ने उपस्थित सभी का ह्रदय की गहराई से आभार जताया है। कार्यक्रम में जिला कार्यकारिणी उपाध्यक्ष श्री सुधीर सिंह. शिव कुमार शर्मा, सुखदर्शन सिंह, कमल कुमार चिलाना, इन्द्रजीत सिंह बिट्टा, दिनेश गुप्ता, प्रीतम लाल अरोरा, माया देवी शर्मा, नवीन ठुकराल. छाया शर्मा, के साथ साथ वरिष्ठ अधिवक्ता राधेश्याम शुक्ला, डी0एन0 जायसवाल, वीरेन्द्र गोश्वामी, राघव सिंह, के0एन0 मिश्रा, सुरेन्द्र गिरधर, अनिल गम्भीर, अमित छावडा, नरेश रस्तोगी, सर्वेश कुमार सिंह, मनीष चन्द्र सिंह, गुरबाज सिंह, पुनीत कुमार, ज्योति -जीना, प्रेमलता सिंह, जयन्त दास, अब्दुल नसीम सहित आदि लोग उपस्थित थे। शासन



## बाजपुर पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

रूद्रपुर- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद उधम सिंह नगर महोदय द्वारा चलाए जा रहे अभियान छॅठ व वांछित की गिरफ्तारी के अनुपालन में वारंटी 1. सुलेन्द्र सिंह पुत्र लाल र्सिह ग्राम मडुया हट्टू थाना केलाखेड़ा जिला उधम सिंह नगर को फौजदारी वाद संख्या 1925/2018 धारा 60/60(2)eÛ- ACT में गिरप्तार किया गया है ।माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है। गिरफ्तारी पुलिस टीम- 1.चौकी प्रभारी बेरिया उप निरीक्षक अर्जुन सिंह 2.कांस्टेबल महेंद्र बिष्ट 3. कांस्टेबल कुलदीप सिंह


## उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त सह प्रभारी कुलदीप इंदौरी जी का प्रथम बार नगर आगमन पर भव्य स्वागत किया गया

दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



रूद्रपुर- महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त सह प्रभारी कुलदीप इंदौरी जी का प्रथम बार नगर आगमन पर भव्य स्वागत किया गया इस मौके पर सह प्रभारी श्री कुलदीप इंदौरी द्वारा महानगर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी गण व मुख्य नेताओं की एक बैठक ली जिसमें श्री इंदौरी ने कहा कि सभी कार्यकर्ता मिशन 2022 विधानसभा चुनाव की जीत के लिए अपने अपने क्षेत्र व वार्डो में तन मन से लग जाए उन्होंने कहा कि बहुत जल्द टिकटों का ऐलान भी हो जाएगा शीर्ष नेतृत्व जिसे भी टिकट देगा सभी अन्य दावेदार व सभी कार्यकर्ता मिलकर उस प्रत्याशी को विजई बनाएं जिससे कि प्रदेश में कांग्रेस की कांग्रेस पार्टी की सरकार बन सके श्री इंदौरी ने कहा कि ने कहा कि भाजपा शासन में आम जनता मंहगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी से त्रस्त हो चुकी है, मंहगाई, बेरोजगारी तथा भ्रष्टाचार भाजपा सरकारों की पहचान बन गई है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश की बेरोजगारी दर राष्ट्रीय बेरोजगारी दर की भी दुगनी है। एक तरफ रोजगार देने मे सरकार असमर्थ है सारी नौकरियां सिर्फ कागजों तक ही सीमित है राज्य की भाजपा सरकार का 5 वर्ष का कार्यकाल पूरी तरह से असफल रहा है। भाजपा द्वारा 5 वर्ष के कार्यकाल में तीन बार मुख्यमंत्री बदलने से यह साबित भी हो गया है कि भाजपा की राज्य सरकार ने अपने पूरे कार्यकाल में कोई भी कार्य नहीं किया। प्रदेश की जनता मंहगाई से त्राहिमाम-त्राहिमाम कर रही है। अनाज, सब्जियां, फल, खाद्यय तेल, पेट्रोल, डीजल की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि से परेशान जनता अब रसोई गैस की कीमतों में की गई मूल्य वृद्धि से भारी आक्रोशित है। प्रदेश का नौजवान सरकारी सेवाओं की विज्ञप्तियों को देखने के लिए तरस गया है भाजपा ने प्रदेश सरकार का बार-बार चेहरा बदल कर इस बात को खुद ही साबित कर दिया है सरकार पूरी तरह से फेल हो गई है। घोटाले बाजों के तार भाजपा की सरकार से जुड़े हुए हैं सरकारी योजनाएं भारी भ्रष्टाचार की भेंट चढती जा रही हैं। राज्य के कर्मचारी वर्ग में भारी असंतोष है। और प्रदेश की जनता 2022 में कांग्रेस की सरकार को बनाने के लिए तैयार बैठी है इस दौरान पूर्व पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश पंत जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष संदीप चीमा असंगठित कामगार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सीपी शर्मा पार्षद मोहनखेड़ा प्रीति साना कैलाश राठौर मोहन भारद्वाज महामंत्री विजय अरोड़ा वरिष्ठ नेत्री ममता रानी महिला कांग्रेस अध्यक्ष मोनिका ढाली किसान कांग्रेस के नगर अध्यक्ष राम दयाल एसयूआई के अध्यक्ष चेतन भट्ट सेवादल के नगर अध्यक्ष संजीव रस्तोगी सुमित राय कमली कमलेश गुप्ता नितिन कुमार राजीव यादव रवि कठेरिया अजय यादव लक्की देबू कोली आदि कार्यकर्ता मौजूद थे

# अब घर बैठे बनेगा लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस



मुरादाबाद- परिवहन विभाग में अधिकांश काम आनलाइन होने लगे हैं। इसी कड़ी में गुरूवार से लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस अब घर बैठे बनाने की शुरूआत हो गई है। आधार लिंक के माध्यम से आनलाइन आवेदन होंगे। फीस और टेस्ट की औपचारिकता पूरी करते ही आवेदक के मोबाइल पर आवेदन की स्क्रूटनी की रिपोर्ट आएगी, जिसमें पास हुए आवेदक लर्निंग लाइसेंस का प्रिंटआउट घर बैठे ही निकालकर वाहन चलाने के पात्र हो जाएंगे। हर विभाग की तरह परिवहन विभाग के अधिकांश काम आनलाइन हो चुके हैं। इन्हीं कामों में एक नई व्यवस्था और जुड़ गई है। गुरूवार को फेसलेस माध्यम से आनलाइन लर्निंग लाइसेंस की शुरूआत हुई है। नई व्यवस्था में आवेदक को आनलाइन आवेदन आधार से लिंक करना होगा, इसमें वहीं मोबाइल देना होगा जो आधार में दर्ज हो। नई व्यवस्था में आनलाइन स्वप्रमाणित प्रपत्र आवेदन करने और फीस के आनलाइन भुगतान के बाद सारथी पोर्टल पर ही सड़क सुरक्षा का ट्यूटोरियल आनलाइन रूप से पूरा करना होगा। आवेदनकर्ता के आवेदन की कार्यालय स्तर पर फेसलेस स्क्रूटनी होगी। आवेदन के सही होने पर आवेदनकर्ता को उसके आवेदन फार्म पर दर्ज मोबाइल नंबर पर लर्निंग के लिए आनलाइन टेस्ट के लिए पासवर्ड मिलेगा, इसकी मदद से घर बैठे टेस्ट देंगे। आनलाइन टेस्ट के समय फेस ऑथेन्टिकेशन के समय आवेदनकर्ता को यह ध्यान रखना होगा कि जिस लैपटाप व कंप्यूटर पर परीक्षा दें, वह वेब कैमरा युक्त हो। इसके लिए आवेदक को तीन मौके दिए जाएंगे। सफल न होने पर हाल के फोटो अपलोड करने होंगे। इसके बाद स्क्रूटनी के बाद आफिस से आए मैसेज के बाद सफल आवेदन लर्निंग लाइसेंस का प्रिंट निकालकर इसका इस्तेमाल कर पाएंगे। एआरटीओ (प्रशासन) छवि सिंह चौहान ने बताया कि नई व्यवस्था से अब आवेदक को आफिस तक दौड़ नहीं लगानी होगी। घर के कंप्यूटर या लैपटॉप पर लर्निंग डीएल की औपचारिकता पूरी करने के बाद लाइसेंस पा सकेंगे।

# मकान बेचने के नाम पर की ठगी, छेड़छाड़ का भी आरोप

मुरादाबाद- मकान बेचने के नाम पर कटघर निवासी महिला से आरोपियों ने ठगी कर ली। बाद में मकान किसी और को बेच दिया। पीड़िता का यह भी आरोप है कि घर में घुसकर आरोपियों ने उसकी बेटी के साथ छेड़छाड़ भी की। शिकायत पर एसएसपी ने जांच करने के आदेश दिए हैं। कटघर थाना क्षेत्र के महबुल्लागंज निवासी महिला ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर बताया कि 29 दिसंबर 2018 को उसने तीन लाख में अमरोहा निवासी व्यक्ति से मकान का सौदा किया था। पीड़िता के अनुसार तभी से वह उसी मकान में रह रही है। उसके पैसे वापस न करने पर आरोपी ने 18 दिसंबर 2020 को उस मकान का एग्रीमेंट करा दिया। महिला ने बताया कि वह अनपढ़ है। जिसका फायदा उठाते हुए आरोपी ने साजिश के तहत एग्रीमेंट पर केवल पचास हजार रूपये लिखवा दिए। पूर्व में उसने जो तीन लाख रूपये लिए थे उसका जिक्र नहीं किया। एक साल का एग्रीमेंट था। एग्रीमेंट पूरा होने से पहले ही आरोपी ने मकान का बैनामा दूसरी महिला के नाम कर दिया। अब आरोपी मकान पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। पीड़िता का आरोप है कि 15 दिसंबर 2021 को शाम करीब छह बजे आरोपी अपने साथियों के साथ उसके घर में घुस आया। आरोपियों ने उसके साथ अभद्रता की। उसकी नाबालिग पुत्री के साथ छेड़खानी करने लगे। शोर मचाने पर पड़ोसी आ गए। आरोपी धमकी देकर भाग गए। थाने में शिकायत की मगर पुलिस ने एक नहीं सुनी। पीड़िता की बात सुनने के बाद एसएसपी बबलू कुमार ने सीओ कटघर को मामले की जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

# के0सी0एम0 स्कूल में टीकाकरण कैम्प का जिलाधिकारी ने किया शुभारम्भ



मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद -जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने आज के0सी0एम0 स्कूल में वैक्सीनेशन कैम्प का फीता काटकर उद्घाटन किया, जिसमें 15 से 18 आयु वर्ग के छात्र/छात्राओं ने बढ़चढकर टीकाकरण कराया। इस अवसर पर कई बच्चों का टीकाकरण जिलाधिकारी ने अपनी मौजूदगी में कराया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने छात्र/छात्राओं को अपने सम्बोधन में बताया कि जनपद में 300 से अधिक एक्टिव केसों की संख्या हो गयी है इससे बचने का यही उपाये है कि कोविड गाइड लाइन का पालन करें और हम भीड़-भाड़ वाले इलाकों में न जाये, मास्क का प्रयोग करें और सबसे महत्वपूर्ण उपाये है कि वैक्सीनेशन करायें, वैक्सीनेशन कराने से हमारी इम्युनिटी मजबूत होती है। हमने वैक्सीनेशन करा लिया है तो हम हास्पिटल जाने की स्थिति में नहीं होंगे। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि सभी अपना वैक्सीनेशन अवश्य करायें और जो आपके साथी आप नही आये हैं उनका भी वैक्सीनेशन कराने में सहयोग दें। वैक्सीनेशन बहुत महत्वपूर्ण एवं आवश्यक है। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 दीपक वर्मा ने बताया कि केसीएम एवं पीएमएस स्कूल में कोविड वैक्सीनेशन कैम्प का आयोजन किया गया है जहां पर काफी संख्या में बच्चों ने बढ़चढकर वैक्सीनेशन कराया है। जिलाधिकारी ने जिला चिकित्सालय में कोविड वैक्सीनेशन कक्ष एवं कोविड-19 वैक्सीन कोल्ड चौन के भण्डारण का निरीक्षण किया तथा बैठक कर आवश्यक दिशानिर्देश दिये। जिलाधिकारी ने वैक्सीनेशन को अधिक से अधिक बढ़ाने तथा सभी आवश्यक प्रबन्ध सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आनन्द वर्धन, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 एम0सी0गर्ग, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 दीपक वर्मा एवं चिकित्सक उपस्थित रहें।

www.knlslive.com

# सड़क हादसे में बिजनौर निवासी छात्र की मौत



मुरादाबाद- हादसे के बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराए गए बिजनौर निवासी छात्र की उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव परिजनों को सौंप दिया। इकलौते बेटे की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। बिजनौर जिले के चांदपुर थाना क्षेत्र के गांव मदारीपुर ककराला निवासी नवनीत (23) बीएससी का छात्र था। पिता हेमराज सिंह खेतीबाड़ी करते हैं। परिवार में मां अलका देवी और छोटी बहन प्रिया हैं। परिजनों ने बताया कि बुधवार शाम करीब पांच बजे नवनीत नूरपुर से बाइक पर घर लौट रहा था। गांव के आधा किलो मीटर पहले ही शांति निकेतन डिग्री कॉलेज के नजदीक बिजलीघर के सामने पहुंचा तभी उसकी बाइक में टेंपो ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल नवनीत को परिजनों ने मुरादाबाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां उपचार के दौरान बुधवार देर रात उसकी मौत हो गई। इसके बाद परिवार वालों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। परिवार वालों के लिखित प्रार्थनापत्र देने के बाद पुलिस ने पंचनामा भरकर शव परिजनों को सौंप दिया। इसके बाद परिजन शव लेकर बिजनौर के लिए रवाना हो गए। इकलौते बेटे की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

अन्य खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा-संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001;उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म. नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद ;उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Result of wrong decision



**Even then it was said that the ramifications of such decisions would be very bad. Now another fresh case has come to the fore. A Canadian court has approved the confiscation of assets of Indian airlines Air India and Airport Authority of India in the state of Quebec as well as internationally.**

The second term of the erstwhile UPA government will be remembered for several wrong decisions and an atmosphere of prudence created during that time in the name of anti-corruption movement. The pressure created by that environment was also behind many wrong decisions. One such decision was the cancellation of the Davas deal. Even then some prudent people had said that such decisions would have far-reaching effects. We have seen many such effects of this.Now another fresh case has come to the fore. A Canadian court has approved confiscation of assets of Indian airlines Air India and Airport Authority of India (IATA) in the country's province of Quebec and internationally as well. It has now come to the fore that on November 24 and December 21, the Superior Court of Quebec issued two separate orders.These orders show that assets worth $6.8 million (over Rs 50 crore) of IATA, the organization that operates airports in India, have been confiscated. Apart from this, assets of Air India have also been attached, the real value of which has not been made public yet. But according to reports, representatives of Devas' shareholders have said that they have confiscated more than $30 million worth of India's assets.The International Chamber of Commerce's Court of Arbitration has also ordered Davas to pay $1.3 billion in compensation to Antrix Corp in a satellite agreement it canceled in 2011. Antrix Corp is the business arm of the Indian Space Research Institute (ISRO). Foreign stakeholders of the company had sued India in the US, Canada and several other places.He accused India of not fulfilling the terms of the agreement. Earlier, in December 2020, Cairn, a company operating in the oil and gas sector in India, was declared entitled to more than $ 1.2 billion in damages by the Permanent Court of Arbitration in The Hague in December 2020.This matter is related to the decision of the UPA government before imposing tax from the past. The lesson is that in India the conditions and rules are not cared for, there are rules in the world to implement them. Violation of those laws sooner or later proves costly.

# Raveena Tandon was happy to see Katrina with Akshay in 'Tip Tip Barsa Pani'

Bollywood actress Raveena Tandon has given her reaction to the filming of 'Tip Tip Barsa Pani' remix song on actress Katrina Kaif. Let us tell you that 'Tip Tip Barsa Pani' is a song from the 1994 film 'Mohra' and it was filmed on Raveena Tandon and Akshay Kumar, although Akshay continued in the remix but Katrina was seen in place of Raveena. The song was released as a part of the soundtrack of the recently released film 'Sooryavanshi'.Young fans also love her so happy - however when the remix 'Tip Tip Barsa Pani' released, some people called this song better than the original song of Raveena Tandon. At the same time, some people are angry at this time as to why the original song is being tampered with. However, now it seems from Raveena's statement that she is happy that the trend of being afraid of women of a certain age in Bollywood is slowly ending.And new changes are coming out. When it comes to remixes and item songs, Raveena feels it is a win-win situation as the song now gets a new beat, a new life. It is a great pleasure to know that young fans also love him. Raveena has said all this in a conversation with 'Film Companion'.The days of body shame are over now- The actress said in her interview that the days of body shame are over now. There was a time when many comments were made about the appearance of actresses, but today's new generation is more aware and more comfortable. She praised Kajol, Karisma Kapoor and Shilpa Shetty saying that this generation has the awareness to look good and feel confident about themselves.We have many actresses who are happy and comfortable in their own skin. I think the days are gone when people used to see someone else's body. We have heard many things while working in films. At that time, all of us actresses looked like 'khate pete ghar ki girls'.Digital Debut with Netflix Series - Now talking about Raveena's professional work, she recently made her digital debut with Netflix's 'Aranyak' series. In this series, Raveena has played the role of a police officer. After this Raveena will now be seen in the film 'KGF Chapter 2'.



# Kajol's sister Tanisha Mukherjee breaks her silence on marriage

Tanisha has responded on the news of her marriage. Recently, some of her pictures went viral in which she was seen wearing a net. After the photos went viral, there were reports that they got married secretly. Tanisha has now given the reason for wearing the toenail. At the same time it has also been said that she did not get married but definitely thinks about it. Tanisha told that when she will get married, she will tell the whole world. Tanisha Mukherjee has already said that she is in no hurry to get married. She got her eggs frozen at the age of 39.Told why she wears nettle - People started speculating about her marriage as soon as the pictures of Tanisha Mukherjee wearing a nettle went viral. Tanisha is currently in Goa. Due to lack of network, he came to know late that all these news are going on outside. According to the report of Hindustantimes.com, Tanisha replied to this, I like to wear bikinis. I thought they looked good. That's why I took the photo and posted it. There is nothing more than this. Do I have to justify my fashion sense to people? Will not hide marriage from the world - Tanisha said on marriage, of course everyone thinks about it. My dream wedding plans keep changing until a boy is found for marriage. I am not breaking people's hearts right now. If and whenever I get married, I will tell the whole world. I am not one to be quiet.



# एटा–जैथरा के तत्कालीन एसओ को गिरफ्तार कर कोर्ट में करें पेश

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



एटा– आईजी 13 जनवरी को कोर्ट में करें पेश एडीजे / विशेष न्यायाधीश, ई.सी. एक्ट ने आईजी कानपुर को दिया आदेश एसओ की गिरफ्तारी को गठित करें टीम वरिष्ठ कोषाधिकारी, कानपुर नगर को अग्रिम आदेश तक वेतन आहरित न करने का भी दिया आदेश वर्ष 2016 के एक मामले में बतौर गवाह कोर्ट में पेश नहीं हो रहे तत्कालीन एसओ हाईकोर्ट ने सम्बन्धित मामले को एक वर्ष में निस्तारित करने के दिए हैं निर्देश नोटिस, वारंट पर पेश न होने पर कोर्ट ने दिए हैं गिरफ्तारी के आदेश वर्ष 2016 में हुई हत्या के मामले में तत्कालीन एसओ का साक्ष्य किया जाना है अंकित जैथरा में बतौर थानाध्यक्ष तैनात रहे हैं कैलाश चन्द्र दुबे जिले में तैनाती के समय विवादों के 'सरताज' रहे हैं तत्कालीन एसओ तत्कालीन एसओ का एडीजी, स्थापना 9 सितम्बर, 2021 को कानपुर नगर से लखनऊ कर चुके हैं स्थानांतरण पुलिस आयुक्त, कानपुर नगर तत्कालीन एसओ की रवानगी की तिथि 4 दिसम्बर, 2021 कर चुके थे तय

# धनराशि 3568 रूपये की रकम को पीडित के बैंक खाते में वापस कराया

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



एटा– वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदयशंकर सिंह के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक अपराध एटा श्रीमती स्नेहलता के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में साइबर अपराध पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने के परिदृश्य चलाए जा रहे अभियान के तहत साइबर सैल एटा द्वारा आनलाइन ठगी का शिकार हुए शिकायतकर्ता श्री दीप सिंह पुत्र श्री सत्यप्रकाश निवासी ग्राम कोयला थाना मिरहची जनपद एटा ने प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने शिकायतकर्ता के क्रेडिट कार्ड के माध्यम से 3568 रूपये निकाल लिये हैं। अपर पुलिस अधीक्षक अपराध एटा द्वारा साइबर सेल की टीम को प्रकरण की जांच कर शिकायतकर्ता की समुचित मदद करने हेतु निर्देशित किया गया। साइबर सैल एटा द्वारा मामले की गंभीरता से जांचकर त्वरित व लाभप्रद कार्यवाही करते हुए तथा सम्बन्धित बैंक/गेट–वे को ई–मेल करते हुये आज दिनाँक 06/01/2022 को शिकायतकर्ता की ठगी गई धनराशि 3568 रूपये की रकम को पीडित के बैंक खाते में वापस कराया गया है। अपने पैसे वापस पाकर शिकायतकर्ता द्वारा एटा पुलिस को धन्यवाद देते हुए भूरि भूरि प्रशंसा की गई है।

# पारिवारिक विवादों के मामलों की सुनवाई की



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा– वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में संचालित परिवार परामर्श केंद्र में घरेलू हिंसा एवं पारिवारिक विवादों के मामलों की सुनवाई की गई, आज दो दम्पति जिनका पूर्व में समझौता हो चुका था, उन्होंने अपनी कुशलता के लिये आकर बताया कि वह ठीक ठाक तरीके से रह रहे हैं, और उनको अब किसी तरह की कोई शिकायत नही है, कुछ मामलों में एक पक्ष के अनुपस्थिति के कारण अगली तिथि नियत की गई, 2 मामलों में लगातार काउंसलिंग के बाद भी बात न बनने के कारण मुक्दमा पंजीकृत किये जाने की संस्तुति की गई, आज की कार्यवाही में महिला थाना प्रभारी नन्दिनी सिंह के अलावा काउंसलर अकरम खान, सचेन्द्र गुप्ता, महिला थाने का स्टाफ मौजूद रहा

# राज्य सशस्त्र बल के ठहरने वाले स्कूल एवं कालेजों का किया गया निरीक्षण

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



एटा– अलीगंज के व्यापारी मृतक संदीप गुप्ता के परिजनों से मुलाकात कर अब तक की पुलिस कार्यवाही से कराया अवगत तथा शेष आरोपियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही का दिया आश्वासन आगामी विधानसभा चुनाव 2022 के दृष्टिगत पुलिस उपमहानिरीक्षक अलीगढ़ परिक्षेत्र अलीगढ़ श्री दीपक कुमार द्वारा जनपद एटा भ्रमण के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के साथ थाना अलीगंज क्षेत्र में चुनावों को शांतिपूर्ण ढंग से कराने को बाहर से आने वाले केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बल एवं राज्य सशस्त्र बल के ठहराये जाने वाले स्थलों (स्कूल/कॉलेज) का निरीक्षण कर वहां पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं के संबंध में जानकारी की गई, साथ ही स्कूल/कॉलेज के प्रधानाचार्य, समस्त स्टाफ तथा अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों से वार्ता कर आगामी विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इसके साथ ही जनपद एटा के कस्बा अलीगंज में मृतक संदीप गुप्ता के परिजनों से मुलाकात कर उनको सांत्वना देते हुए पुलिस द्वारा की गई अब तक की कार्यवाही से भी अवगत कराया तथा अभियोग के शेष अभियुक्तगणों की शीघ्र गिरफ्तारी करने एवं उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही किए जाने का आश्वासन दिया गया।

# समस्त स्टाफ तथा अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों से वार्ता


निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



एटा– आगामी विधानसभा चुनावों के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्रांतर्गत सेंट पॉल एवं ट्यूलिप स्कूल/कॉलेज के प्रधानाचार्य, समस्त स्टाफ तथा अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों से वार्ता कर आगामी विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत सेंट्रल पैरामिलिट्री फोर्सेस व बाहर से आने वाले अन्य पुलिसकर्मी बल के रूकने के लिए पर्याप्त व्यवस्था को और बेहतर ढंग से बनाए रखने के लिए निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही मतदान को प्रभावित कर सकने वाले अराजकतत्वों को चेतावनी देते हुए आमजन से शांतिपूर्ण चुनाव कराए जाने के संबंध में वार्ता की गई।

# बिछड़े बिहार निवासी एक मंदबुद्धि बालक को थाना अवागढ़ पुलिस ने उसके परिजनों को किया सकुशल सुपुर्द

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



एटा– परिवार से बिछड़े बिहार निवासी एक मंदबुद्धि बालक को थाना अवागढ़ पुलिस ने उसके परिजनों को किया सकुशल सुपुर्द दिनांक 05.01.2022 को पीआरवी 112 सकरौली को कालर गोपाल राठौर निवासी चरथरा द्वारा सूचना दी गयी कि एक मन्दबुद्धि लड़का गाँव में घूम रहा है व उल्टी सीधी हरकतें कर रहा है इस सूचना पर पीआरवी द्वारा मौके पर जाकर उक्त मद्व बुद्वि बालक को थाने पर लाकर पूछताछ की गयी तो उसने अपना नाम प्रवीन व घर का मोबाइल नंबर बताया उक्त मोबाइल नंबर से सम्पर्क किया गया तो पम्पी देवी उर्फ कंचन निवासी वनमनखी थाना बनमनखी जिला पुरनिया बिहार बताया तथा प्रवीन के बारे में पूछताछ करने पर बताया कि प्रवीन उनका पुत्र है जो कि मंदबुद्धि है तथा दिनांक 03.01.2022 से घर से लापता है जिसकी वे लोग तभी से तलाश कर रहे हैं। इस सम्बन्ध में प्रवीन के भाई अमन कुमार पुत्र वकील चन्द्र यादव निवासी उपरोक्त जो कि आज दिनांक 06.01.2022 को थाना अवागढ़ आए, बालक को उनकी सुपुर्दगी में देकर सकुशल थाना से रवाना किया गया। परिजनों द्वारा एटा पुलिस का धन्यवाद किया गया।

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे–
9027776991
www.knlslive.com

# जिला पंचायत सदस्य के लिए 6 अभ्यार्थी चुनावी मैदान में

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

सूरजपुर- पंचायत उप निर्वाचन 2021-22 अंतर्गत जिला सूरजपुर के क्षेत्र क्रमांक 5 ओड़गी जिला पंचायत सदस्य के एक पद रिक्त हेतु नाम निर्देशन के सात आवेदन प्राप्त हुए थे। आज नाम आपसी का अंतिम दिन था जिसमें से एक अभ्यर्थी ने अपना नाम वापस ले लिया है। इस तरह क्षेत्र क्रमांक 5 के रिक्त पद के लिए 6 अभ्यार्थी चुनावी मैदान में अपनी किस्मत अजमाएंगे। जनपद पंचायत प्रतापपुर के क्षेत्र क्रमांक 10 जनपद पंचायत सदस्य के 1 रिक्त पद हेतु नाम निर्देशन के दो आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिले में सरपंच के रिक्त 4 पदों के विरूद्ध ग्राम पंचायत कुम्दा में चार आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें एक अभ्यर्थी ने नाम वापस ले लिया है। ग्राम पंचायत माटीडांड में चार आवेदन प्राप्त हुए तथा ग्राम पंचायत सुमेरपुर व परसापारा में कोई भी आवेदन प्राप्त नहीं हुए हैं।

WWW.KNLSIVE.COM

# जिले के सूरजपुर, प्रतापपुर, भैयाथान, ओड़गी विकास खण्डों में तारूण्य वार्ता प्रारम्भ

## छात्रों को विभिन्न विषयों का ज्ञान कराता तारूण्य वार्ता

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच




सूरजपुर- भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष माननीय डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम जी, मुख्य आयुक्त माननीय विनोद सेवन लाल चंद्राकर जी एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी जी के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार रॉय के आदेश अनुसार आर. डी. पटेल जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट के मार्गदर्शन में यूनिसेफ तथा भारत स्काउट्स एवं गाइड छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में तारूण्य वार्ता कार्यक्रम का तीन दिवसीय कार्यशाला जिले के सभी विकास खंडों में विभिन्न चरणों में आयोजन किया जाना है जिसके लिए सूरजपुर जिले के सूरजपुर, भैयाथान, ओड़गी, रामानुजनगर में प्रारम्भ हो चुका है।तारूण्य वार्ता कार्यक्रम के महत्वपूर्ण मुद्दे उक्त तारूण्य वार्ता कार्यक्रम बच्चों के अधिकार और सुरक्षा का पोषक है इस कार्यक्रम में महत्वपूर्ण मुद्दों को शामिल किया गया है तारूण्य वार्ता कार्यक्रम में इन महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा कर समझ बनाया गया। बालसंरक्षण एवं बाल अधिकार के तहत बच्चों का देखभाल कैसे किया जाए ताकि वो बच्चा देश का उत्कृष्ट नागरिक बन सके और उनके अधिकारों पर बिंदुवार चर्चा करते हुए उपस्थित छात्रों के अंदर सकारात्मक ऊर्जा का संचार किये। उक्त कार्यक्रम की निगरानी विनोद कुमार रॉय जिला शिक्षा अधिकारी पदेन आयुक्त भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ सूरजपुर, रवि प्रताप सिंहदेव सहायक संचालक त्डै। कर रहे हैं। इस कार्यक्रम के जिला पदाधिकारी उमेश कुमार गुर्जर जिला सचिव, बी0आर0देवांगन क्ब्, गोवर्धन सिंह जिला काउंसलर एवं मास्टर ट्रेनर, कन्हैया सोनी ।क्ब्, अरूण पटेल क्ज्ब बलरामपुर, अम्बेश्वर जिला सचिव बलरामपुर, अरूणा एक्का जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड,अशोक दुबे ब्लाक सचिव ,रामकुमार कुशवाहा तारूण्य वार्ता मास्टर ट्रेनर ओड़गी के अनामिका भगत गाइड कैप्टन शामिल हैं।

### बाल संरक्षण एवं बाल अधिकार

- हिंसा की समझ
- बाल यौन शोषण,यौन हिंसा एवं उत्पीड़न
- पितृतात्मक सोच
- बाल श्रम बाल विवाह
- ऑनलाइन हिंसा से सुरक्षा
- यौन और प्रजनन की समझ
- जीवन कौशल,माहवारी
- महामारी कोविड-19 से बचाव

www.knlslive.com

# कलेक्ट्रेट में कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों ने कराया कोविड टेस्ट

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



सूरजपुर- कोविड-19 के नए वेरिएंट ओमीक्रोन के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए उसके प्रभावी नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर कलेक्ट्रेट में कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों ने आज रैपिड एंटीजन एवं आरटीपीसीआर कोविड टेस्ट कराया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने रैपिड एंटीजन के 142 एवं आरटीपीसीआर के 12 टेस्ट किये। रैपिड टेस्ट में सभी नेगेटिव पाए गए एवं आरटी पीसीआर की रिपोर्ट जांच के लिए भेजा गया है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ राज्य में कोविड-19 के तेजी से बढ़ रहे संक्रमण के नियंत्रण के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। कार्यालय में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मास्क लगाना, सोशल, फिजिकल डिस्टेंसिंग एवं सैनिटाइजर का उपयोग अनिवार्य रूप से करने निर्देशित किया गया है तथा निरंतर सतर्क एवं जागरूक रहकर कार्यालयीन कार्य को संपादित करने कहा गया है।


ऑफर

आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-

9027776991

अन्य खबरों के लिए देखे

WWW.KNLSIVE.COM


# कोरोना वायरस के प्रभावी नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए गाइडलाईन जारी

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

सूरजपुर- राज्य शासन एवं भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देश अनुसार कोरोना वायरस (कोविड-19) के नियंत्रण के संबंध में पूर्व में लागू अधिकांश प्रतिबंधों में समय-समय पर छूट प्रदान की गई थी। उपरोक्त आंशिक प्रतिबंधों की समीक्षा की गई, जिससे वर्तमान में कोरोना पॉजिटिव प्रकरणों की संख्या में लगातार वृद्धि होने के फलस्वरूप जिले में कोरोना के रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु प्रत्येक स्तर पर प्रतिबंधों व शर्तो का कड़ाई से पालन कराना एवं परिस्थिति अनुरूप युक्तियुक्त प्रतिबंध अधिरोपित किया जाना आवश्यक हो गया है।कोरोना वायरस के प्रभावी नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह ने आदेश जारी किया है जिसमें जिला अंतर्गत सभी प्रकार के धरना, रैली, जुलूस सार्वजनिक एवं सामाजिक कार्यक्रम (विवाह एवं अंत्येष्टि को छोड़कर) सांस्कृतिक, धार्मिक कार्यक्रम, खेलकूद, मेला तथा अन्य किसी प्रकार के सामूहिक कार्यक्रम आयोजित किया जाना प्रतिबंधित रहेगा। छत्तीसगढ़ शासन के आदेशानुसार कार्यक्रम स्थलों पर अधिकतम एक तिहाई क्षमता की अनुमति होगी तथा 200 तक व्यक्तियों के सम्मिलित होने की स्थिति में एक दिन पूर्व सम्बन्धित अनुविभागीय दण्डाधिकारी से लिखित अनुमति प्राप्त करना होगा।कार्यक्रम में 200 से अधिक व्यक्तियों की उपस्थिति होने की स्थिति में कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी से लिखित पूर्वानुमति अनिवार्य होगी। अनुमति प्राप्त होने पर इसकी सूचना सम्बन्धित डिस्टेंसिंग, मास्क लगाना एवं समय-समय पर सेनेटाईजर का उपयोग आदि कोविड समुचित व्यवहार का पालन करना अनिवार्य होगा।सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान अपने प्रतिष्ठान के सामने शारीरिक दूरी सुनिश्चित करने हेतु चिन्हांकन करना सुनिश्चित करेंगे।सूरजपुर जिले के समस्त रेलवे स्टेशन, समस्त विभाग यह सुनिश्चित करें कि आगामी आदेश तक अनावश्यक बैठक आयोजित न करें। अत्यधिक आवश्यक होने पर सीमित संख्या में कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए या वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से बैठक आयोजित करेंगें। सार्वजनिक स्थलों पर पान-गुटका इत्यादि खाकर एवं अन्यथा थुकना प्रतिबंधित रहेगा। जिला स्तर पर नागरिकों की सहायता के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसका मोबाईल नं. 9111033446, 9329354490, 9302728125, 9329348574 है। जिसमें कोविड-19 सम्बंधी समस्त जानकारी एवं सहायता लेने व सूचना देने के लिए सम्पर्क किया जा सकता है। जिले में कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए कोरोना वायरस निगरानी, जांच, निरीक्षण दल द्वारा भौतिक परीक्षण, संगरोध और इलाज से संबंधित अधिकारी, कर्मचारियों को यदि कोई भी व्यक्ति सहयोग देने से इंकार करता है तथा वांछित जानकारी देने से इंकार करता है या निगरानी दल के निर्देशों का पालन नहीं करता है अथवा इस आदेश का उल्लंघन करता है, तो वह व्यक्ति राज्य शासन द्वारा जारी अधिसूचना में निर्धारित अर्थदण्ड, भारतीय दण्ड संहिता 1860 की धारा 270 सहपठित एपिडेमिक डिसीजेज एक्ट, 1897 एवं आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के अधीन दण्ड का भागी होगा। उक्त निर्देश का पालन कराने हेतु अनुविभागीय दण्डाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, इंसीडेंट कमाण्डर, पुलिस प्रशासन, नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायत अधिकृत होंगे।यह आदेश तत्काल लागू किया जाना आवश्यक होने से वर्तमान परिस्थितियों में इस आदेश से प्रभावित होने वाले व्यक्तियों को सम्यक समय में तामिली संभव नहीं है। अतः यह आदेश एकपक्षीय रूप से पारित किया गया है। आदेश का व्यापक प्रचार-प्रसार तथा कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाये तथा उक्त आदेशों का किसी भी व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह द्वारा उल्लंघन करने पर भारतीय दण्ड संहिता 1860 की धारा 188 के तहत दर्ज प्रकरणों में परिवाद प्रस्तुत किये जाने हेतु सम्बन्धित थाना क्षेत्र के तहसीलदार, कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, थाना प्रभारी को अधिकृत किया गया है।

## 193 लाभार्थियों को 87.820 करोड का ऋण किया गया वितरित



दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बदायूँ- भारत सरकार एवं उ0प्र0 सरकार द्वारा जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, बदायूँ के माध्यम से संचालित की जा रही स्वःरोजगारपरक योजनाओं के अन्तर्गत मुख्यमंत्री द्वारा ऑनलाइन स्वःरोजगार संगम का शुभारम्भ किया गया। उक्त मेले में विभिन्न रोजगारपरक योजनाओं यथा प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्टैण्डअप योजना, स्टार्टअप योजना तथा प्रधामंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वःरोजगार योजना तथा एक जनपद एक उत्पाद (ओ0डी0ओ0पी0) वित्त पोषण योजना अन्तर्गत लाभार्थियों को अपना स्वयं का उद्यम प्रारम्भ करने हेतु ऋण वितरण एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना एवं ओ0डी0 ओ0पी0 प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजना के अन्तर्गत उन्नत टूलकिट का वितरण मा0 मुख्यमंत्री जी के करकमलों द्वारा किया गया। जनपद स्तर पर विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना एवं ओ0डी0ओ0पी0 प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजना के लाभार्थियों को शेखूपुर विधायक धर्मेन्द्र शाक्य द्वारा टूलकिट वितरण की गयी। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत अब तक 1100 टूलकिटे वितरित की जा चुकी है। इस अवसर पर जैस्मिन, उपायुक्त उद्योग, श्याम पासवान, अग्रणी जिला प्रबन्धक पंजाब नैशनल बैंक एवं मु0 फारूक खां, प्रधान सहायक, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, बदायूँ उपस्थित रहे। जनपद में तीनों ऋण योजनाओं में कुल 193 लाभार्थियों को 87.820 करोड का ऋण वितरण किया गया है।

# निर्वाचन की तैयारियां समय से कर ली जाए पूर्णः डीएम

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



बदायूँ- आगामी विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, पारदर्शिता के साथ संपन्न करवाने के लिए कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में जिलाधिकारी दीपा रंजन ने मुख्य विकास अधिकारी ऋषि राज, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संतोष कुमार वैश्य, अपर जिलाधिकारी प्रशासन ऋतु पुनिया सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। डीएम ने समस्त अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि निर्वाचन के सम्बंध में सभी तैयारियाँ समय से पूर्ण कर ली जाए। चुनाव ड्यूटी करने वाले सभी कार्मिकों का शत प्रतिशत दोनों डोज लग जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस कार्मिक की दोनों कोविड़-19 टीकाकरण की डोज नहीं लगी है उनका वेतन आहरण नहीं होगा और जवाब देही विभाग के कार्यालयाध्यक्ष की होगी। उन्होंने कहा कि समस्त विभागों से कोविड़-19 टीकाकरण की दोनों डोज लगी का प्रमाण पत्र भी लिया जाए। डीएम ने पीडब्ल्यूडी विभाग को निर्देश दिया कि विशेष तौर पर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में निरीक्षण कर लिया कि मतदान केंद्रों पर जाने के लिए रास्ता सही होना चाहिए। दिव्यांगजन तथा 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं को चिन्हित करा लिया जाए। इस अवसर पर डीआरओ प्रभु दयाल, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट प्रवर्धन शर्मा एवं उदित नारायण सैंगर साहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। दिव्यांग प्रमाण-पत्र प्रत्येक सोमवार एवं मंगलवार को ही बनेंगेः सीएमओ मुख्य चिकित्साधिकारी ने अवगत कराया है कि दिव्यांग प्रमाण-पत्रों को यूनिक डिसेबिलिटी (यू0डी0आई0डी0) कार्ड का डिजिटाइजेशन/डिजिटल सत्यापन का कार्य मुख्य चिकित्साधिकारी के कार्यालय में सप्ताह के प्रत्येक सोमवार एवं मंगलवार कार्यदिवस को ही डिजिटाइजेशन/डिजिटल सत्यापन कराने के लिए लोग आ सकते है। इसके अलावा अन्य किसी दिवसों में डिजिटाइजेशन/डिजिटल सत्यापन नही किया जाएगा।

## अलीगढ़ से लखनऊ हवाई यात्रा की सौगात जल्द

शुभम शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच




अलीगढ़ - इस माह में अलीगढ़ से लखनऊ हवाई यात्रा की सौगात मिल सकती है। धनीपुर मिनी हवाई अड्डे की लाइसेंस प्रक्रिया अंतिम दौर में है। जल्द ही डायरेक्टर जनरल ऑफ सिविल एवीएशन की टीम धनीपुर एयरपोर्ट का दौरा करेगी। यदि टीम हवाई अड्डे की मौजूदा व्यवस्थाओं से संतुष्ट हुई, तो जल्द ही लाइसेंस प्रक्रिया को मंजूरी मिलने के साथ ही यहाँ से उड़ानें भी शुरू हो जायेंगी। मिनी एयरपोर्ट शुरू होने के बाद अलीगढ़ वासियों को अलीगढ़ से लखनऊ जाने के लिए दोनों ओर से एक-एक उड़ान का आनन्द मिल सकेगा। इसकी तैयारियाँ जोर-शोर से चल रही हैं।

अन्य खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

## रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक अब नाइट कर्फ्यू



शुभम शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

अलीगढ़ - कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच जिला प्रशासन अलर्ट हो गया है। गुरुवार रात्रि से कर्फ्यू 10 बजे से लेकर सुबह छह बजे तक दो घंटे और बढ़ गया है। नुमाइश का संचालन भी अब अधिकतम रात 10 बजे तक हो सकेगा। शिक्षा विभाग की तरफ से 16 जनवरी तक एक से दसवीं तक के सभी स्कूलों को बंद करने का आदेश जारी कर दिये है। आवश्यक सेवाओं पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। कोरोना की जांच बढ़ाई जा रही है और टीकाकरण की प्रक्रिया भी जारी रहेगी।

## कांठ में पेयजल व स्वच्छता कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों को किया जागरूक

मुरादाबाद- राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम के तहत अवर अभियंता ने ग्रामवासियों को क्लोरोसिस आदि बीमारी के न्यूनीकरण को जल जनित बीमारियों की रोकथाम नियंत्रण के लिए प्रचार प्रसार किया गया। ग्राम राजीपुर खदर, बेगमपुर, मोढ़ी हजरतपुर आदि में जल जांच विशेषज्ञ अरविंद मिश्रा ने ग्राम पंचायत में लगे इंडिया मार्का एवं व्यक्तिगत हैंडपंपों के जल की जांच कराई। उन्होंने दूषित पेयजल से होने वाले दुष्प्रभाव से जनमानस को अवगत कराया गया। ग्रामीणों की बैठक का आयोजन कर प्रचार-प्रसार सामग्री के माध्यम से स्वास्थ्य प्रभाव एवं प्रबंधन के बारे में जानकारी प्रदान की गई। पेयजल शुद्धिकरण संयंत्र फ्लोराइड रिमूवल यूनिट की जानकारी को रोग के लक्षण एवं रोग की रोकथाम से संबंधित जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जांच एवं स्वच्छता निरीक्षण को उचित नियंत्रण के कदम उठाने के लिए जागरूक किया गया। राम सैनी महेश सिंह मोहम्मद साजिद हुसैन राजपाल सिंह यशपाल सिंह प्रजापति हसन राजा आदि रहे।

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-
9027776991

## अब पंचायत घरों में मिलेगी कंप्यूटर शिक्षण की सुविधा



शुभम शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

अलीगढ़ - पंचायत भवनों में अब छात्र-छात्राओ को कंप्यूटर कोर्स भी कराया जाएगा। अलीगढ़ जिले से इस अनोखी पहल की शुरूआत हो रही है। 6 से लेकर 8 तक के छात्र-छात्राओं को तीन-तीन महीने का बेसिक कोर्स कराया जाएगा। हर पंचायत भवन में एक कंप्यूटर आपरेटर की भर्ती की गई है। तीन महीने के इस कोर्स में सभी बेसिक जानकारी होंगी। एक दिन में तीन से चार बैच संचालित होंगे। पंचायतों में सफलता मिलने पर पूरे जिले में यह योजना लागू की जाएगी।

## जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने किया संयुक्त जिला अस्पताल में स्थित आश्रय गृह का आकस्मिक निरीक्षण

प्रेमचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती- आश्रय गृह में आने वाले लोगों को कोई दिक्कत ना होने पाए इसका रखा जाए ध्यान- जिलाधिकारी श्रावस्ती जिलाधिकारी नेहा प्रकाश एवं मुख्य विकास अधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने संयुक्त जिला अस्पताल में स्थित आश्रय गृह का आकस्मिक निरीक्षण कर जायजा लिया तथा आश्रय गृह के प्रबंधक को सभी व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों एवं अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिया है सर्दी को देखते हुए चिन्हित स्थलों पर अलाव की व्यवस्था प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाए , और असहाय बेसहारा पात्र लोगों को कंबल भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। संयुक्त जिला अस्पताल में स्थित आश्रय गृह के निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी प्रवेंद्र कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर जेता सिंह, डॉक्टर एन0 एन0 पाण्डेय एवं सपना सिंह उपस्थित रहे

## उत्तरप्रदेश की जनता के भरोसे का नाम अखिलेश यादव है :कलामुद्दीन



सद्दाम हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

कुशीनगर- भाजपा सरकार के आमजन विरोधी नीतियों की दंश झेल रही उत्तरप्रदेश की जनता मा० अखिलेश यादव की तरफ आशा भरी नजरों से देख रही है. जिला कुशीनगर के विधानसभा फाजिलनगर (332) से समाजवादी पार्टी के टिकट के प्रबल दावेदार सर्वसमाज के चहेते नेता कलामुद्दीन ने विधानसभा में अपने जनसम्पर्क अभियान के दौरान मीडिया से भेंटवार्ता में कहा कि उत्तरप्रदेश की जनता मा० अखिलेश यादव जी की कार्यशैली से भलीभांति परीचित है। सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के जनकल्याकारी कामों व जनता से किये गये वायदों को निभाने की तौर तरीके से उत्तरप्रदेश की जनता भलीभांति परिचित है. उत्तरप्रदेश की जनता के भरोसे का नाम अखिलेश है. भाजपा सरकार से त्रस्त व ऊब चुकी जनता मा० अखिलेश जी की तरफ आशा भरी नज़रों से देख रही है। वर्ष 2022 का विधानसभा चुनाव सपा गठबंधन अपार बहुमत के साथ जीत हासिल करेगी। भाजपा की सरकार से कोई खुश नहीं है। भाजपा सरकार के जुमलेबाज़ी से जनता ऊब चुकी है। बेरोजगारी के चलते देश का युवा वर्ग त्रस्त है और पलायन को मजबूर है। बेहिसाब बढ़ती मंहगाई से गरीब, मजदूर व आमजन त्रस्त हैं तो वहीं भाजपा सरकार के आमजन विरोधी नीतियों के कारण देश की जनता त्रस्त हैं। भाजपा की सरकार असहमति व अभिव्यक्ति पर पाबन्दी लगाकर लोकतंत्र की हत्या पर आमादा है। विकास व अच्छे दिन आयेंगे का सपना दिखाकर व तमाम वायदे कर सत्ता पर काबिज़ भाजपा सरकार ने कोई विकास नहीं किया है। पूरा प्रदेश दुर्दिन का दंश झेल रहा है। सपा नेता कलामुद्दीन ने समाजवादी पार्टी के सिद्धांतों व सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष मा० अखिलेश यादव द्वारा किये जा रहे वायदों को विस्तार पूरक समझाते हुए लोगों से समाजवादी पार्टी को समर्थन व वोट देकर मा० अखिलेश यादव जी मुख्यमंत्री बनाने की अपील की। सपा के जनसम्पर्क मुहीम में सपा जिला सचिव चौधरी शमसुल होदा, डॉ०नंदू गुप्ता,सतेंद्र शुक्ल उर्फ गुड्डू शुक्ल, अमित कुमार, लल्लन यादव, अरविंद कुमार, नूरुल हसन, सत्यदेव जयसवाल, अवधेश सिंह, इरशाद आलम, रुस्तम, मंटू शाह, राजकुमार, ई०परवेज आलम, डॉ० बंका यादव, हरिलाल यादव, मोहम्मद मुस्लिम, डॉ० यासीन अंसारी, रामविलास वर्मा, जितेन्द्र सिं, मोनू, बृजेश यादव, वकील अहमद, डॉ० सहाबुल अंसारी आदि साथ रहे.

www.knlslive.com

## जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने कोविड-19 अस्पताल भंगहा का आकस्मिक निरीक्षण कर लिया जायजा

**सम्भावित कोविड़ की तीसरी लहर के मद्देनजर सभी व्यवस्थाए रखी जाय चुस्त दुरुस्त**



प्रेमचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती- जिलाधिकारी नेहा प्रकाश एवं मुख्य विकास अधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने कोरोना की तीसरी लहर को देखते हुए कोविड-19 अस्पताल भंगहा का जायजा लिया, जिलाधिकारी ने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सत्यसरन को निर्देश दिया कि सभी सुविधाएं पहले से मौजूद रहे ताकि संक्रमण बढ़ने की दशा में किसी भी मरीज को कोई दिक्कत न होने पाये अस्पताल में भर्ती मरीजों को निर्धारित प्रोटोकॉल के मुताबिक सभी सुविधाएं प्रत्येक दशा में मुहैया कराई जाये। ताकि मरीजो को कोई दिक्कत न होने पावे। कोविड़ अस्पताल में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी की अगुवाई में मरीज को एम्बुलेंस से लाने और उसको अस्पताल पी आई सी यू वार्ड में शिफ्ट करने तक का मॉक ड्रिल किया गया। ततपश्चात जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने अस्पताल के अन्य वार्डो का निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाओ को चुस्त दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि यदि कोई संक्रमित मरीज मिलता है तो उसके कान्टेक्ट में आये लोगों को सूचीबद्ध कर उनकी भी प्रत्येक दशा में कोविड-19 जांच करा ली जाए। ताकि किसी भी दशा में संक्रमण बढ़ने न पाये। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने अस्पताल परिसर में स्थापित किये गए नये ऑक्सीजन प्लांट का भी निरीक्षण कर जायजा लिया और बेहतर ढंग से संचालन करने के निर्देश दिए। इस दौरान उपजिलाधिकारी प्रवेन्द्र कुमार, संयुक्त निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य देवीपाटन मण्डल गोण्डा, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 ए0पी0 भार्गव अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 मुकेश मातन हेलिया प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सत्यसरन एवं अन्य चिकित्सकगण, पैरामेडिकल कर्मीगण उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत जनपद स्तरीय संचालन एवं मार्गदर्शन समिति की बैठक सम्पन्न

प्रेमचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती- मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में गठित जनपद स्तरीय संचालन एवं मार्गदर्शन समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि कक्षाओं के ऑनलाइन और ऑफलाइन सुगम संचालन हेतु पूर्ण व्यवस्था कर ली जाय। उन्होने जिला विद्यालय निरीक्षक को लाइब्रेरी में इन्टरनेट सुविधा तथा विभिन्न पत्रिकाओंए पुस्तकों तथा प्रिन्टर की सुविधा के साथ विकसित करने का निर्देश दिया। प्रधानाचार्य आई0टी0आई0 द्वारा अवगत कराया गया कि संस्थान में दो कक्षाओं में पढ़ाने की व्यवस्था की जा रही है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने बताया कि डिजिटल क्लासरूम कार्यात्मक किये जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। अभ्युदय योजना के छात्रों का परिचय पत्र भी बनवाया जा रहा है। ध्येय आई0ए0एस0 कोचिंग के प्रतिनिधि ने ऑनलाइन प्रशिक्षण दिये जाने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया। जिलाधिकारी द्वारा प्रस्ताव की समीक्षा करके आवश्यक कार्यवाही करने हेतु मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने विभिन्न अधिकारियों तथा अध्यापकों का रोस्टर जारी करने का निर्देश दिया। चयनित लाभर्थियों से अपेक्षा की गयी कि अति शीघ्र निर्धारित प्रारूप पर सूचना उपलब्ध करा दें। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी, प्राचार्य डायट कमलेश कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रभुराम चौहान, निदेशक ध्येय आई0ए0एस0 कोचिंग विजय प्रताप सिंह, जी0जी0आई0सी0 प्रिन्सिपल भावना तेवतिया, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी निगम प्रताप सिंह, प्रधानाचार्य अलक्षेन्द्र इण्टर कालेज जे0पी0 पाण्डेय, जिला समाज कल्याण अधिकारी राकेश रमन, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी चमन सिंह एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी सुबोध कुमार सिंह उपस्थित रहें।

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में
संपर्क करे-
9027776991
WWW.KNLSLIVE.COM

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com